प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 15.03.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय का नया आदेश, उपभोक्ता एक साथ नहीं रख सकते एलपीजी और पीएनजी कनेक्शन, दोनों में एक करना होगा सरेंडर।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से शुरू होने वाले माई भारत बजट क्वेस्ट 2026 प्रतियोगिता के राज्य और केंद्र शासित प्रदेश स्तर के विजेताओं के साथ करेंगे बातचीत।
3. खूंटी जिले में पुलिस को मिली बड़ी सफलता, पीएलएफआई के छह उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार और लेवी वसूली के दस्तावेज बरामद ।
4. रांची समेत राज्य के कई जिलों में आज तेज हवा, बारिश और वज्रपात का पूर्वानुमान, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए जारी की चेतावनी।
5. और भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान झारखंड की सलीमा टेटे ने पूरे किए 150 अंतरराष्ट्रीय मैच, हॉकी इंडिया ने दी बधाई।

******************

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने अपने नये आदेश में कहा है कि जिन घरों में पहले से पाइप्ड नेचुरल गैस, पीएनजी का कनेक्शन है, वे अब घरेलू एलपीजी सिलेंडर अपने पास नहीं रख सकेंगे। मंत्रालय के आदेश के अनुसार पीएनजी उपभोक्ताओं को अपना एलपीजी सिलेंडर तुरंत सरेंडर करना होगा। आदेश के अनुसार नियम का पालन नहीं करने पर कनेक्शन रद्द किया जा सकता है ।

******************

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि किसी भी खुदरा दुकान या वितरक के पास एलपीजी की कमी नहीं है और पर्याप्त मात्रा में डीजल और पेट्रोल उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है। संयुक्त सचिव ने नागरिकों से एलपीजी सिलेंडर की जल्दबाजी में बुकिंग नहीं करने और आवश्यकता पड़ने पर डिजिटल बुकिंग करने का आग्रह किया है।

******************

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने उपभोक्ताओं को खुले या अनुपयुक्त कंटेनरों में ईंधन न लेने और उसका भंडारण नहीं करने की सलाह दी है। मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि किसी भी उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से शुरू होने वाले माई भारत बजट क्वेस्ट 2026 प्रतियोगिता के राज्य और केंद्र शासित प्रदेश स्तर के विजेताओं के साथ बातचीत करेंगे। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को केंद्रीय बजट पर चर्चा करने और विकसित भारत के निर्माण पर अपने विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहन देना है।

******************

केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि केंद्र सरकार किसानों के हित के लिए प्रतिबद्ध है। रांची में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित एग्रोटेक किसान मेला के उद्घाटन कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से रांची में भी किसानों के साथ बैठक करने का आग्रह किया गया है।

साउंड बाइट– संजय सेठ, रांची ऑन किसान मेला.....16 सेकेंड

******************

आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2026–27 के लिए अग्रिम कर ई–अभियान के अंतर्गत करदाताओं को भेजे गए कुछ ईमेल संदेशों के संबंध में स्पष्टीकरण जारी किया है। विभाग ने कहा है कि तकनीकी त्रुटि के कारण कुछ करदाताओं को ऐसे ईमेल मिले हैं जिनमें 'महत्वपूर्ण लेनदेन' के गलत विवरण दर्ज थे। ऐसे करदाताओं से पिछले ईमेल को अनदेखा करने का अनुरोध किया गया है।

******************

खूंटी जिले में पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई के छह उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से अवैध हथियार, जिंदा कारतूस, मोबाइल फोन, लेवी से संबंधित दस्तावेज और दो कार बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि ये उग्रवादी अवैध हथियार के साथ लेवी की रकम लेने और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे थे।

साउंड बाइट– एसपी खूंटी ऑन नक्सली .21 सेकेंड

******************

जामताड़ा जिले में पुलिस ने नारायणपुर थाना क्षेत्र से 2 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।पुलिस ने इनके पास से 4 मोबाइल सेट और आठ फर्जी सिम कार्ड बरामद किया है।

******************

रांची के टाटीसिलवे के ऐतिहासिक डोल मेला घूमने आए ग्रामीणों को एक बेकाबू कार ने टक्कर मार दी। घटना में दो लोगों की मौत हो गई जबकि 12 लोग घायल हो गए। एक की स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर किया गया है। घटना के बाद से प्रशासन के आदेश पर मेला बंद कर दिया गया। दुर्घटनाग्रस्त कार को पुलिस ने जब्त कर लिया है और आगे की कार्रवाई में जुटी है

******************

जमशेदपुर में झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष एवं झारखंड उच्च न्यायालय के वरिष्ठम न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने राष्ट्रीय लोक अदालत का वर्चुअल उद्घाटन किया। इसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष राजकमल मिश्रा सहित व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े। डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि आयोजन में कुल 1हजार 742 वादों का निष्पादन किया गया।

साउंड बाइट– राजेश कुमार ऑन लोक अदालत 23 सेकेंड

******************

रांची समेत राज्य के कई जिलों में आज आसमान में बादल छाने के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए गर्जन के साथ बारिश और तेज हवा का येलो अलर्ट जारी किया गया।

******************

हॉकी इंडिया ने भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे को अंतरराष्ट्रीय करियर में 150 मैच पूरे करने पर बधाई दी है। सलीमा टेटे ने यह उपलब्धि हॉकी वर्ल्ड कप क्वालिफायर्स 2026 के फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड महिला हॉकी टीम के खिलाफ खेलते हुए हासिल की। यह मैच हैदराबाद के जी.एम.सी. बालयोगी हॉकी ग्राउंड में खेला गया। झारखंड की सलीमा टेटे के शानदार प्रदर्शन को कई पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया है।

******************

रांची में आज से वीमेंस अंडर 23 क्रिकेट के नॉकआॅउट मुकाबले खेले जायेंगे। बीसीसीआई की ओर से आयोजित इस मुकाबले में भाग लेने पंजाब, दिल्ली और मुंबई समेत 10 टीमें शामिल हैं पहला मुकाबला तमिलनाडु और आँध्रप्रदेश के बीच जेएससीए स्टेडियम में खेला जायेगा।

******************

और अब अखबारों की सुर्खियां

राजधानी रांची से प्रकाशित होने वाले अधिकतर अख़बारों ने खाड़ी युद्ध और उसके असर की ख़बरों को अपनी लीड बनाई है।

दैनिक जागरण लिखता है–एलपीजी संकट से राहत की ओर बढ़ा देश।

हिंदुस्तान की सुर्खी है–छह महीने में लागू होगा नया पुलिस मैनुअल।

दैनिक भास्कर की हेडलाइन है –झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में मंत्री ने की घोषणा, नशे पर रोक के लिए हर जिले में विशेष टास्क फोर्स बनेगी।

प्रभात खबर ने लिखा है–आज तेज हवा और वज्रपात की आशंका, 20 जिलों में येलो अलर्ट।

********समाप्त**********